संचार मंत्रालय
MINISTRY OF
COMMUNICATIONS

सत्यमेव जयते

मंत्री जी का संदेश - डाक विभाग

मई, 2026 संस्करण

नमस्कार

डाक विभाग नित नई ऊर्जा और लक्ष्यों के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। हम आधुनिकीकरण, नवोन्मेष और नागरिक-केंद्रित सेवा डिलीवरी के माध्यम से भारत के संचार एवं लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम को सुदृढ़ कर रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'विकसित भारत 2047' विज़न की प्रेरणा से यह विभाग जन-विश्वास और जन-सेवा की अपनी समृद्ध विरासत को अक्षुण्ण रखते हुए भविष्योन्मुखी संस्थान के रूप में उभर रहा है।

यह माह, देशभर में अत्याधुनिक डाक अवसंरचना के निर्माण की दिशा में हमारी यात्रा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। उल्लेखनीय है कि आधुनिक, प्रौद्योगिकी-सक्षम और नागरिक-अनुकूल सेवा केंद्र स्थापित करने के लिए हमारे प्रयासों के हिस्से के रूप में, नई दिल्ली के 'नेहरू प्लेस डाकघर' और मुंबई के 'अंधेरी रेलवे स्टेशन उप-डाकघर' को नवीकृत कर जनता को समर्पित किया गया। ऐसे परिवर्तन, भारतीय डाक की विभिन्न नागरिक सेवाओं को लोगों तक निर्बाध रूप से पहुंचाने की दिशा में विभाग की आधुनिकीकरण की बृहतर यात्रा के फ्रंट-इंड के रूप में काम करते हैं। इस बृहतर यात्रा का उद्देश्य डाकघरों को और अधिक सुलभ, कुशल और सहजज्ञ केंद्रों के रूप में विकसित करना है। इन दो डाकघरों से शुरु हुआ यह परिवर्तन-मॉडल, धीरे-धीरे पूरे देश में फैलकर निरंतर बदलते इस डिजिटल युग में भारतीय डाक की स्थायी प्रासंगिकता को और अधिक बल प्रदान करेगा।

इसके अलावा, विभाग नए उत्पादों, पार्सल सुधारों और लॉजिस्टिक्स संबंधी आधुनिकीकरण पहलों के माध्यम से बैक-इंड में महत्वपूर्ण सुधार कर रहा है, जिसका उद्देश्य प्रचालन दक्षता को मजबूत करना तथा तेजी से बदलती डिजिटल अर्थव्यवस्था के इस युग में भारतीय डाक को दीर्घकालिक प्रगति के लिए तैयार करना है। इसी क्रम में, विभाग ने अंतिम-मील पार्सल डिलीवरी सेवाओं के लिए फ्लिपकार्ट के साथ सहयोग-साझेदारी के माध्यम से भारत के ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। भारतीय डाक की देश के कोने-कोने तक बेजोड़ पहुंच और विश्वसनीय डिलीवरी नेटवर्क के बल पर यह साझेदारी लॉजिस्टिक्स दक्षता को बढ़ाएगी और शहरी, ग्रामीण तथा दूरस्थ क्षेत्रों में डिजिटल कॉमर्स को सुलभ बनाएगी। साथ ही, यह भारत की तेजी से उभरती डिजिटल अर्थव्यवस्था के एक प्रमुख प्रवर्तक के रूप में विभाग की बढ़ती भूमिका को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

इस माह की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि, पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय, शिलांग में नई पीढ़ी के 100वें एन-ज़ेन डाकघर का वर्चुअल उद्घाटन करना रही। उल्लेखनीय है कि इस डाकघर को भी विश्वविद्यालय के उत्साही छात्रों द्वारा डिजाइन किया गया। इस वर्चुअल उद्घाटन के बाद मुझे विश्वविद्यालय बैंड के साथ संवाद करने का अवसर भी प्राप्त हुआ और कहना न होगा कि हमारी इस 'अमृत-पीढ़ी' को उत्साह परिपूर्ण देखना हमेशा तरो-ताजा करने वाला अनुभव होता है। 100वां एन-ज़ेन डाकघर खोलने की यह उपलब्धि; विशेष रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र में नवोन्मेष, समावेशिता और डिजिटल रूपांतरण की दिशा में विभाग के बढ़ते फोकस को दर्शाता है। इसके अलावा, भारतीय डाक दूरस्थ तथा आकांक्षी क्षेत्रों में आधुनिक डाक अवसंरचना का विस्तार कर राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने तथा सर्वत्र समान विकास की अवधारणा को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

संस्थागत उपलब्धियों के साथ-साथ, हमें उन प्रेरणादायी व्यक्तित्वों की उपलब्धियों का उत्सव मनाना चाहिए, जो विभाग में सेवा, दृढ़ संकल्प और संघर्षशीलता की भावना की मशाल बनकर उभरे हैं। इस माह के दौरान, मुझे पैरा एथलीट और डाक सहायक सुश्री पूजा ओझा के साथ बातचीत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिनकी उपलब्धियां और दृढ़ संकल्प असंख्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। मैं मध्य प्रदेश सर्कल के श्री योगेंद्र कुशवाह से भी मिला, उनकी प्रेरक व्यक्तिगत यात्रा के साथ-साथ जनसेवा के प्रति उनका समर्पण भारत के युवाओं की अपार क्षमता और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। इस तरह की कहानियां भारतीय डाक परिवार की अपरिमित शक्ति और चारित्रिक उत्कर्ष की पुष्टि करती हैं।

कुल मिलाकर, माह के दौरान घटित समस्त घटनाक्रम, डाक विभाग के भीतर चल रहे व्यापक परिवर्तन का दर्पण है। चाहे आधुनिक अवसंरचना, डिजिटल इंटीग्रेशन, आर्थिक विकास को बल देने वाली सहयोग-साझेदारियां हों या विभाग के प्रेरणादायी व्यक्तित्वों को प्राप्त होने वाले सम्मान; हमारे सभी प्रयास राष्ट्र के लिए और अधिक उत्तरदायी, सुलभ तथा भविष्योन्मुखी डाक इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में प्रेरित हैं।

जैसे-जैसे हम अपनी इस यात्रा में आगे बढ़ रहे हैं, तेजी से विकसित हो रहे भारत देश की आशाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु कुशल, समावेशी और प्रौद्योगिकी-चालित सेवाएं प्रदान करने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता और अधिक मजबूत हो रही है। मुझे विश्वास है कि भारतीय डाक हमारे कार्यबल के समर्पण भाव और नागरिकों के अटूट विश्वास के बल पर देश के कोने-कोने में सेवाएं प्रदान करने वाले विश्वसनीय संस्थान के रूप में अपनी भूमिका को अनवरत रूप से सुदृढ़ करता रहेगा।

जय हिंद!

शुभकामनाओं सहित,

ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया

संचार मंत्री, भारत सरकार